# शादी के 5 साल बाद मिलेगी विवाह योजना की राशि

## पार्षद के प्रयासों से 55 हितग्राहियों को मिलेंगे 28 लाख रुपए



बड़वाह -नगर पालिका बड़वाह के वार्ड 1 की महिला मुन्नी बाई मांगीलाल मजदूरी करके अपना जीवन यापन करती है। दो बेटियों कंकू और गीता की शादी की जिम्मेदारी भी उनके कंधों पर थी। आर्थिक रूप से अक्षम होने पर कर्जा लेकर दोनों बेटियों का विवाह किया। सोचा कि थोडी मदद मुख्यमंत्री भवन संनिर्माण योजना के तहत मिलने वाली 51-51 हजार रुपए की राशि से हो जाएगी।

लेकिन विवाह को 5 साल बीत गए। दोनों बेटियों को बच्चे भी हो गए। सरकारी दफ्तरों के कई चक्कर लगाए, लेकिन राशि नहीं मिली। वार्ड पार्षद और नपाउपाध्यक्ष राजेश जायसवाल से गुहार लगाई तो न सिर्फ मुन्नी बाई की बेटियों को राशि मिली बल्कि ब?वाह ब्लॉक सहित पूरे जिले के ऐसे ही करीब 51 हितग्राहियों को मिलने वाली राशि का रास्ता साफ हो गया। अधिकांश हितग्राहियों को यह राशि उनके खाते में प्राप्त हो गई है।

### इस तरह हल की समस्या

पार्षद राजेश ने बताया कि मध्यप्रदेश अन्य भवन संनिर्माण योजना के तहत कन्याओं के विवाह पर हितग्राहियों को 51 हजार रुपए देने का प्रावधान किया था। लेकिन 2018 से लेकर अब तक इन हितग्राहियों को राशि का भुगतान नहीं हुआ था। कई सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने के बाद यह हितग्राही निराश होकर घर बैठ गए कि अब यह राशि मिलना संभव नहीं है।

जिन कन्याओं के विवाह हो गए थे। उनके यहां 2-2 संतानें भी हो गई है, लेकिन शासन से मिलने वाली राशि अब तक नहीं आई। इसे लेकर बड़वाह नगरपालिका उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल ने 24 जनवरी को कलेक्टर एवं शासन को पत्र लिखा। इसके बाद प्रशासन ने गंभीरता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मामले को प्राथमिकता से अपनी कार्य सूची में लेकर उसे हल करने का बीड़ा उठाया।

इसके परिणाम स्वरूप 44 हितग्राहियों को राशि उनके खाते में प्राप्त हो गई है। 7 हितग्राहियों को भुगतान का आदेश जारी कर दिया गया है। जिन्हें अगले सप्ताह में राशि प्राप्त हो जाएगी। यह कुल राशि लगभग 28 लाख है।

### सॉफ्टवेयर ने रोकी राशि, तो सर्कुलर का हवाला

जायसवाल ने बताया की वार्ड 1 की हितग्राही की परेशानी हल करने में लगा था तो पता चला की नगरीय निकाय के 9 और बड़वाह जनपद के 13 ऐसे हितग्राही भी है, जिन्हें 2018 से लेकर 2022 तक की यह राशि अभी तक नहीं मिली। अधिकारियों से जानकारी मिली कि सोफ्टवेयर ने उन्हें अपात्र बताया है।

उसका कारण यह था की इन्हें मुख्यमंत्री संनिर्माण योजना में दूसरी अन्य योजना का लाभ मिल गया। लेकिन पार्षद जायसवाल ने जब सर्कुलर का हवाला दिया। इसमें ऐसा कही भी उल्लेखित नहीं था कि अन्य योजना का लाभ लेने पर कन्या विवाह योजना का लाभ नहीं मिलेगा। वरिष्ठ अधिकारियों ने इसे सही माना। इसके बाद बडवाह ब्लॉक के 23 सहित पूरे जिले के 51 हितग्राहियों को योजना के तहत 51 हजार की राशि मिलेगी।

### कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जताया आभार

यूं तो अधिकांशतः हितग्राही कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन एवं शिकायत करते है, लेकिन राशि मिलने पर हितग्राहियों ने पार्षद जायसवाल के नेतृत्व में कलेक्टर का गुलदस्ता देकर न सिर्फ आभार जताया, बल्कि हलवा खिलाकर अपनी खुशी भी जाहिर की। सभी ने कलेक्टर को अपनी इस संवेदनशीलता के लिए धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर पार्षद विष्णु वर्मा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला मंत्री कैलाश साहू, मोहन जायसवाल, अंशुल वर्मा, सरिता भदौरिया, मीना चौहान, शुभम जायसवाल सहित अनेक हितग्राही और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नपा अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता एवं सीएमओं श्री कुशल डुडवे की जोडी के सफल तालमेल से विकास की राह पर बड़वाह

## करोड़ों के विकास कार्यो के भूमिपूजन एवं लोकार्पण की तैयारी में नगर पालिका





बड़वाह में नगरपालिका अध्यक्ष पद पर श्री राकेश गुप्ता के आरूढ होने के बाद पहली बार आम जनमानस को ऐसा महसूस हो रहा है कि नगरपालिका में हमारी समस्याओं की न केवल सम्मान के साथ सुनवाई होती है बल्कि उसका निराकरण भी त्वरित गति से होता है । यह पहला अवसर है जब कोई नगरपालिका अध्यक्ष सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक नगरवासियों के दुःख दर्द सुनता है और उसके निराकरण में व्यक्तिगत रूप से रूची लेकर तवरित रूप से हल करने का प्रयास भी करता है । अब तक नगरपालिका अध्यक्ष पद की कुर्सी पर अनेक लोगों ने आरूढ होकर अपनी सेवाऐं दी एवं नगर में यथा संभव विकास के प्रयास भी किये लेकिन आम लोगों की सुनवाई जिस तरीके से अब होती नजर आरही है वैसा पहले कभी नही हुआ । श्री गुप्ता का चेम्बर आम जनता के लिये हमेशा खुला मिलता है । उनका कहना है कि यदि मुझे बड़वाह शहर की जनता ने इस पद के योग्य समझा है तो मेरा भी दायित्व है कि उनकी बातों को सुनु एवं जो भी हो सके उनके लिये कर सकूं।

### अध्यक्ष एवं नवागत सीएमओं के बीच शानदार तालमेल ने खोली विकास की राह -

जब से नगरपालिका में नवागत सीएमओं श्री कुशल डुडवे का आगमन हुआ है नगरपालिका की रोनक बदल गई है । अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता एवं सीएमओ श्री कुशल डुडवे के बीच कुशल तालमेल से अब नगरपालिका में सभी विकास योजनाओं का भी कुशलता के साथ खाका खेचा जा रहा है । जहां पहले नामांतरण के लिये लोगों को बरसों तक इंतजार करना पडता था अब अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता की तत्परता के बाद न केवल पुराने सभी नामांतरण प्रकरण हल किये गये बल्कि नये प्रकरणों को भी समय सीमा में हल किया जा रहा है जिससे आम जनता में खुशी का माहोल है । आप दोनों के प्रयास से नगर में स्वच्छता अभियान का असर अब स्पस्ट रूप से देखा जाने लगा है । नगर में स्वच्छता, साफ सफाई, विभिन्न अवसरों पर साज सज्जा, शोचालयों की रंगाई पुताई शहर में नजर आने लगी है । तो दूसरी ओर अब नगरपालिका में ड्रेस कोड भी लागू किया जा रहा है । अधिकारी वर्ग एवं अन्य कर्मचारियों के लिये ड्रेस तैयार की जारही है जिससे नगरपालिका का एक नया रूप निचार कर सामने आ सके ।

### करोडों के विकास कार्यो के लोकार्पण एवं भूमिपूजन की तैयारी-

नगरपालिका अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता के विकास शील चिंतन का परिणाम अब सामने नजर आने लगा है । सूत्रो के अनुसार अगले माह में एक साथ शहर में लगभग 10 करोड़ रूपये के विकास कार्यो के भूमिपूजन एवं लोकार्पण का कार्य करने की योजनाओं को अन्तिम रूप दिया जा रहा है । जिसमें अनेक नई सडकों का निर्माण, शहर के प्रमुख उद्यानों का कायाकल्प,शहर की प्रमुख सड़को का नव निर्माण जैसे विकास कार्य शामिल है ।

### नगर पालिका को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी-

श्री राकेश गुप्ता के नेतृत्व में बड़वाह नगरपालिका को अब पूरी तरह आत्म निर्भर बनाने की योजनाओं को गंभीरता के साथ सौचा जारहा है । इसके लिये नगर में अनेक प्रमुख स्थानों में शापिंग काम्पलेक्सों,नई सब्जीमंडी, आदि योजनाओं को मूर्तरूप देने की तैयारियां की जारही है । इस समय यदि नगरपालिका पर नजर डाली जाये तो पूरा नगरपालिका प्रशासन, कर्मचारी एवं अधिकारी पूरी तरह मुस्तेद एवं अपने अपने कार्यालयों में उपस्थित नजर आते है । जिससे नगरपालिका में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले लोगों को राहत महसूस हो रही है ।इससे यह तय है कि बड़वाह के अब अच्दे दिन आने वाले है .....

# गुर्जर समाज द्वारा भगवान देवनारायण की जयंती पर निकाला गया डेढ किलामीटर लम्बा चल समारोह

## 100 गावों से 15 हजार से अधिक समाज जनों ने की समारोह में भागीदारी





सनावद। नगर के इतिहास का पहली बार किसी सामाजिक संगठन द्वारा इतने व्यापक स्तर पर विशाल चल समारोह निकाला गया। अवसर था गुर्जर समाज के आराध्य देव श्री भगवान देवनारायण जी की जन्म जयंती का । इस विशाल शोभायात्रा में 100 से अधिक ग्रामों लगभग 15 हजार से अधिक समाजबंधु शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन पर मंडी में सभा के साथ हुआ जहां पर समाज के प्रबुद्धजनों ने उद्बोधन दिया।

नगर में रेवा गुर्जर युवा संगठन द्वारा पहली बार भगवान देवनारायण की जयंती के उपलक्ष में विशाल चल समारोह एवं सभा का आयोजन किया। खरगोन रोड़ स्थित निजी कॉलोनी से शुरू हुआ चल समारोह खरगोन रोड, बस स्टैंड ,मोरटक्का चौराहा जवाहर मार्ग ,ट्रेंगल से कृषि उपज मंडी पर समाप्त हुआ। इनमे डीजे ढोल झांकी बेंड भजन मंडली सहित अश्व पर बच्चे केशरिया ध्वज लिए बैठे थे। चल समारोह का अनेक जगह स्वागत कर पुष्पवर्षा की गई। जुलूस में सामाजिक एकता के साथ संगठन में शक्ति है का परिचय देखने के लिए मिला। स्वागत के लिए राजनीतिक समाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने स्वागत किया। ट्रेक्टर पर भगवान देवनारायण जी ,साडू माता नर्मदा जी, राधा कृष्ण की झांकी के साथ भारत माता की झांकी आकर्षण का केंद्र थी। चल समारोह के समापन पर मंडी में सभा का आयोजन हुआ। जिसमें पूर्व सांसद ताराचंद पटेल एवं पूर्व विधायक जगदीश मोराण्या का स्वागत कर गुर्जर रत्न का सम्मान दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सचिन बिरला ने की । मुख्य अतिथि हेमराज पोसवाल मुख्य पुजारी देवनारायण जन्म स्थली मालासेरी डूंगरी, कुंवर प्रणव चैंपियन राजा साहब पूर्व विधायक उत्तराखंड ,कर्नल देव आनंद गुर्जर ,अंतरराष्ट्रीय गुर्जर महासभा ,नारायण पटेल प्रेमलता बिरला थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रणव सिंह चैंपियन ने कहा कि गुर्जर समाज हमेशा से ही पराक्रमी साहसी रहा है। जिनके आगे वीर लगाया जाता है। वही स्थानीय स्तर पर युवाओ ने जो प्रयास किया वह प्रसंशनीय है। विधायक बिरला ने कहा कि भगवान देवनारायण विष्णु के अवतार थे। वह वह हमारे लोक देवता है। देवनारायण भगवान मंदिर के मुख्य पुजारी पोसवाल ने कहा कि भगवान देवनारायण जी की लीला ही अलग है। हर यात्रा कैसी भी हो व्यवस्था वह हमेशा से सफलतापूर्वक रहती है। गुजरात से आये नान भाई ने पर्यावरण पर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि मैंने अभी तक 50 हजार पौधे लगा चुका हूं। वह आने वाले समय में डेढ़ लाख और वृक्ष लगाएंगे। उन्होंने संगठन के साथियों को वृक्ष भी भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन पदम बिरला एवं आभार युवा संगठन अध्यक्ष डॉ रवि पाटिल ने व्यक्त किया। इस दौरान करीब डेढ किलोमीटर लंबे चल समारोह में पहली बार नागरिकों ने किसी सामाजिक संगठन का इतना बड़ा जुलूस देखा। वही सनावद बड़वाह बेडिया खरगोन चैनपुरी के साथ अन्य थाना क्षेत्रों से आया हुआ पुलिस बल एसडीएम वीएस क्लेश तहसीलदार शिवराम कनासे टीआई एमआर रोमडे टीआई सौरभ बाथम टीआई गोपाल निगवाल सहित अन्य पुलिस एवं यातायात आरक्षक संपूर्ण मार्ग एवं आयोजन स्थल पर व्यवस्था संभाल रहे थे।ब्लॉक कांग्रेस बड़वाह, सनावद एवं त्रिलोक राठोड मित्र मंडल ने यात्रा का स्वागत किया ।

# कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का हुआ आयोजन नामचीन कवि और शायरों ने समा बांधा

## समाज सेवी मुश्ताक अली के नाम -हिन्दू उर्दू तहजीब का हुआ अनूठा आयोजन



सनावद। नगर के बस स्टैंड पर कवि सम्मेलन एवं ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस दौरान देश के विभिन्न शहरों से आए शायरों एवं कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं की खूब दाद बटोरी। शायरों व कवियों को सुनने के लिए श्रोता कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के आरंभ में सामाजिक संगठनों ने जाने-माने समाजसेवी मुश्ताक मलिक का भावभीना अभिनंदन किया व समाजसेवा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस दौरान एक डॉक्युमेंट्री का भी स्क्रीन पर प्रदर्शन किया गया। विधायक सचिन बिरला ने शमा रौशन कर कार्यक्रम का आगाज किया। विशेष अतिथि के रूप में विधायक सुरेंद्र सिंह शेरा भैया उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में शायर अफजल इलाहाबादी एवं अल्ताफ जिया ने नाते रसूल पेश की। सुविख्यात शायर नईम अख्तर ने अपनी संजीदा शायरी से श्रोताओं को बांधे रखा। जाने-माने शायर अल्ताफ जिया ने तरन्नुम में शायरी पेश कर श्रोताओं से खूब दाद पाई।

जयपुर से पधारे सुप्रसिद्ध व्यंगकार संपत सरल ने अपने अंदाज में श्रोताओं को खूब हंसाया। युवा कवि गोविंद गीते ने हिंदी और उर्दू के शब्दों में पिरोई रचनाएं प्रस्तुत कर कार्यक्रम को नया आयाम दिया। शायरा राणा तबस्सुम (मुंबई), शायर मेहताब आलम (भोपाल), सूफियान काजी (खंडवा), नईम आफताब (तराना), वाहिद अंसारी (इंदौर), मुश्ताक अंसारी (इंदौर) और शरीफ कैफ (इंदौर) ने भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। आयोजन को सफल बनाने में आफताब शेख आफताब हिलाल नाजिम मलिक शेख जिया वसीम खान का विशेष सहयोग रहा।

# श्री तिलोक राठोड़ की सक्रीयता से भाजपा एवं कांग्रेस दोनो है हैरान



बड़वाह - 2023 के विधानसभा चुनाव को लेकर दोनो ही दलों की तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है । भाजपा एवं कांग्रेस में टिकिट के दावेदारों ने टिकिट के जुगाड में बडवाह से भोपाल तक दोड़ लगाना प्रारंभ कर दिया है । भाजपा के टिकिट के प्रमुख दावेदार श्री सचिन बिरला ने विकास योत्रा के माध्यम से अपनी तैयारियां तेज करदी है वही कांग्रेस में भी नये ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद टिकिट के दावेदारों में टिकिट को लेकर प्रतिप्पर्धा का दौर तेज हो चुका है ।

कांग्रेस के टिकिट के दावेदारों मे श्री नरेन्द्र पटेल, नीलेश रोकडिया, अशोक जैन,सोहन शाह, सोभाग पटेल आदि अपने अपने स्तर पर अपने समीकरण बिठाने में लगे है लेकिन कांग्रेस के एक नये नवेले उम्मीदवार श्री तिलोक राठोड की सक्रीयता ने न केवल कांग्रेस बल्कि भाजपा के दावेदारों में भी खलबली मचा रखी है ।

कुछ लोगों का मानना है कि श्री तिलोक राठोड़ केवल विभिन्न आयोजनों में दिल खोलकर सहयोग राशी देकर तथा पोस्टर बेनर बनाकर लोकप्रिय होने की कोशिश कर रहे है लेकिन जमीनी धरातल पर उनका खास वजूद नही है । कुछ हद तक वे सही हो सकते है क्यो कि कांग्रेस के दावेदारों में सचिन बिरला के भाजपा में जाने के बाद इस स्तर पर खर्च करने वाले दावेदार नजर नही आरहा था और सक्रीयता का भी अभाव था । ऐसा नही है कि कांग्रेस के अन्य दावेदार आर्थिक स्थिति में तिलोक राठोड से कमजोर है लेकिन शायद उन्हे इस तरह खुले हाथों से खर्च करना फिजुल खर्ची नजर आरहा था ।

लेकिन जो लोग तिलोक राठोड़ की कार्यप्रणाली को नजदीकी से जानने की कोशिश करेगा तो यह स्पस्ट है कि वो केवल पैसों के बलबूते पर अब फोरी लोकप्रियता अर्जित नही कर रहे है बल्कि सचिन बिरला एवं राजकुमार मेव के प्रारंभिक राजनैतिक जीवन की तरह अकेले चलों, अपनी टीम बनाओं और लोगों को अपना बनाओं की तर्ज पर चलने का फार्मुंला अपना रहे है । शुरूआती दौर में अपनी पहूंच बनाने के लिये उन्होने भले ही अपनी उदारता का सहारा लिया हो लेकिन वर्तमान समय में बड़वाह विधानसभा के गांव गांव में जाकर लोगों के बीच चोपाल सजाकर उनीं समस्याओं को सुनते है , सहयोग करते है और क्षेत्र वासियों को अपना बनाने की कोशिश में सफल भी हो रहे है ।उनकी चौपालों में अब सेकडों लोग शामिल होरहे है । उनका पूरा फोकस कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ताओं एवं युवाओं पर है और यह तय है कि जिस तरह से लोग उनके साथ जुडते जारहे है चुनाव आने तक वे बड़वाह कांग्रेस में एक मजबूत जनाधार वाले व्यक्तित्व साबित हो सकते है ।

चुनाव में टिकिट मिलना नही मिलना यह अलग मुद्दा है । उनका कहना भी है टिकिट के लिये मेहनत कर रहा हूं पर मेरा खास उद्देश्य कांग्रेस के साथ लोगों को ज्यादा से ज्यादा जोडना है । पार्टी किसे टिकिट देगी यह कोई नही कह सकता लेकिन मेरा प्रयास जारी है । मै लम्बी राजनीति एवं मेरी कर्मभूमि की सेवा के लिये आया हूं वो मै कर रहा हूं । अब देखना यह है कि तिलोक राठोड के रूप में उभरी इस सख्सियत का कांग्रेस कितना फायदा उठापाती है या तिलोक राठोड अपने उद्देश्य में कितना सफल हो पाते है यह आने वाला समय ही बतायेगा

स्वामित्व, प्रकाशक एवं मुद्रक- नवरत्नमल जैन, 5 बी/3 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर एवं 2/12 एनेक्स श्री कंवर कालोनी बड़वाह से प्रकाशित एवं कॉम्पेक प्रिंटर्स लि. फ्री प्रेस हाऊस 3/54 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर से मुद्रित। प्रधान संपादक -नवरत्नमल जैन - फोन-(07280)224750, मो. 9407133337